दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 26 ⁄ 10 ⁄ 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड; सीबीडीटी ने कॉरपोरेट करदाताओं के लिए आकलन वर्ष दो हजार चौबीस पच्चीस के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा बढ़ा दी है। अब करदाता पन्द्रह नवंबर तक आयकर रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। गौरतलब है कि रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि इकतीस अक्टूबर निर्धारित थी।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की एक सौ पन्द्रहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जाएगा।

———————————————————

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि न्यायपालिका सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी पर ज़ोर दिया गया है। आकाशवाणी से विशेष साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं के पक्ष को जानना और निर्णय लेना आसान होगा। न्यायमूर्ति ने कहा कि देश भर में जिला न्यायपालिका के लिए हुई परीक्षाओं में पचास प्रतिशत से अधिक भर्तियाँ महिलाओं की हुई हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे महिलाएं न्यायपालिका में उच्च पदों पर पहुंच सकेंगी। यह साक्षात्कार हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर ऑफिशियल, हमारी वेबसाइट न्यूज ऑन एआईआर डॉट जीओवी डॉट इन और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

———————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उपचुनाव के लिए कुल पचास उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा भरा हैं। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक सत्रह उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। तरारी से तेरह, इमामगंज से दस और रामगढ़ से नौ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाईस अक्टूबर को की जायेगी। जबकि तीस अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा। वहीं मतों की गिनती तेईस नवम्बर को की जायेगी

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आज से आठ नवंबर तक राज्य के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर आयुष्मान कार्ड बनाए जायेंगे। स्वास्थ्य मंत्री आज पटना जंक्शन पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत विशेष स्टॉल का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दीपावली और छठ पर्व के समय बिहार आने वाले प्रवासियों को देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना से जोड़ना है। इन स्टॉल पर योजना के लाभार्थियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध होगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में छठ घाटों पर तैयारियों का जायजा लिया। श्री कुमार आज सबसे पहले दानापुर के नासरीगंज गंगा घाट पर साफ–सफाई और किए जा रहे सुरक्षात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टीमर से नासरीगंज से गायघाट तक विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी कार्य समय से पूरा करने का आदेश दिया।

———————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी–मध्य हिस्सों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। मौसम विज्ञान केंद्र,

पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि ओडिशा तट पर टकराने के बाद चक्रवाती तूफान दाना कमजोर पड़ गया है, जिसके चलते हवा की रफ्तार में कमी आई है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि आज भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाये रहेंगे और कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है।

———————————————————————

बिहार और कर्नाटक के बीच आज से पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेला जा रहा है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। राज्यपाल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनायें दी। ताजा जानकारी के अनुसार बिहार ने पहली पारी में एक सौ तैंतालीस रन बनाए। जवाब में कर्नाटक की टीम ने बिना कोई विकेट खोए सोलह रन बना ली है।

———————————————————————

समाप्त